प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.01.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00 बजे

राष्ट्रपति–स्वामी विवेकानंद

राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वामी विवेकानंद को आज उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश का महान आध्यात्मिक संदेश पश्चिमी जगत में प्रचारित किया और भारत के लोगों के बीच नया आत्म विश्वा्स पैदा किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण और मानवता की सेवा में योगदान के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रापति ने कामना व्यक्त की कि स्वामी विवेकानंद की विरासत जारी रहेगी और विश्व भर में असंख्य लोगों को प्रेरित करती रहेगी।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर आज दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हजार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान युवा नेता प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

मुख्यमंत्री–प्रवास

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमीरपुर जिला के प्रवास के दौरान आज अमलेहड़ में राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे–बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री किटपल से बल्ह नौरी गांव संपर्क सड़क पर तिरंगल के पास मसेह नाला पर बनने वाले पुल का शिलान्यास करेंगे।

सम्मेलन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित 'नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सम्मेलन में नादौन से वर्चुअली इस सम्मेलन में भाग लिया और बढ़ते नशे के संकट से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश की प्रतिबद्धता पर बल दिया। सम्मेलन में नशीले पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें आठ उत्तरी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी अक्सर संगठित अपराध और आतंकवाद का कारण बनती है, जो देशकी संप्रभुता और सुरक्षा के लिए बढ़ा खतरा पैदा करती है। उन्होंने कानून प्रवर्तन, सार्वजनिक स्वास्थ्य, पुनर्वास और न्यायिक सुधारों के समन्वयन से मादक पदार्थों को नियंत्रित करने के लिए हिमाचल प्रदेश की बहुआयामी रणनीति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राज्य विधायिका ने एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 37 में संशोधन किया है, ताकि आदतन अपराधियों को जमानत हासिल करने की अनुमति देने वाली कानूनी खामियों को दूर किया जा सके।

आगजनी

कुल्लू ज़िला में मनाली के नजदीक बुरूआ गांव में बीती रात एक रिहायशी मकान आगजनी की घटना में जलकर राख हो गया। इस घटना में 10 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। आग लगने की सूचना मिलते ही मनाली से दमकल विभाग के वाहन घटनास्थल की ओर रवाना हुए और आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी भी प्रकार के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। राज्य के जनजातीय जिला किन्नौर तथा लाहौल–स्पीति में हिमपात का समाचार है। कल कुल्लू तथा लाहौल–स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। कुल्लू के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों सोलगनाला, अटल टनल रोहतांग, धुंधी, कोठी इत्यादि में हल्का हिमपात हुआ है। शिमला जिला में

ठियोग से नारकंडा मार्ग यातायात के लिए बंद है जिसे खोलने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। वाहनों को सैंज से लूहरी–सुन्नी होते हुए परिवर्तित किया गया है। इसके अलावा देहा–चौपाल मार्ग भी यातायात के लिए बंद है। एक सप्ताह बाद मौसम के बदलने से एक बार फिर से प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। किन्नौर जिले में भी ताजा बर्फबारी हुई है अधिक ब्यौरे के साथ हमारी संवाददाता की ये रिपोर्ट....

## स्वामी विवेकानंद

स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती पर छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन किया जा रहा है। मंडी जिला में कल एबीवीपी ने मंडी शहर के ऐतिहासिक विक्टोरिया पुल से लेकर पूरे शहर में एक संदेश यात्रा निकाली। ए बी वी पी की नगर इकाई के अध्यक्ष हिमांशु ने बताया कि आज युवाओं को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने की जरूरत है। स्वामी विवेकानंद ने सभी धर्मों की एकता का संदेश दिया था। उन्होंने आत्मविश्वास, ज्ञान की खोज, आत्म–सुधार, दूसरों की सेवा, और सार्वभौमिक भाई चारे के महत्व पर बल दिया। स्वामी विवेकानंद ने इन्हीं संदेशों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए संदेश यात्रा का आयोजन किया गया था जिसमें युवाओं सहित आम लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। जिले में 23 जनवरी तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।